# कार्यालय :- मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चाईबासा

Email-cfchaibasa@gmail.com, po-chaibasa, west singhbhum.

पत्रांक: 1163 दिनांक: 09.6.17

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा ।

विषय :- सारण्डा वन प्रमण्डल में गुवा–सलाई पथ के पुनर्निर्माण हेतु पथ निर्माण विभाग के पक्ष में कि0मी0 02.00 से कि0मी0 11.00 तक कुल 9.969 हे0 ( Proposal No. FP/JH/ROAD/23799/2017) एवं कि0मी0 02.00 से कि0मी0 11.00 तक कुल 7.67 हे0 ( Proposal No. FP/JH/ROAD/23802/2017) वनभूमि अपयोजन के प्रस्तावों को समेकित करने के सम्बन्ध में ।

प्रसंग :- 1–प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक– 399 दिनांक– 24.05.2017 तथा ज्ञापांक– 426 दिनांक– 02.06.2017

2– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, सिंहभूम, जमशेदपुर का ज्ञापांक– 1289 दिनांक– 27.05.2017 तथा ज्ञापांक– 1386 दिनांक– 03.06.2017 ।

3– इस कार्यालय का पत्रांक– 1055 दिनांक– 29.05.2017 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में प्रासंगिक पत्रों का अवलोकन किया जा सकता है । विषयगत मामले में प्रासंगिक पत्र (1) एवं (2) जो सीधे आपको भी ज्ञापित है तथा इस कार्यालय के प्रसंगाधीन पत्र (3) के क्रम में पुनः सूचित करना है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, राँची के पत्र सं0– FP/JH/ROAD/23799/2017/ 1244 दिनांक– 16.05.2017 द्वारा विषयक दोनों प्रस्तावों को संयोजित कर एक समेकित प्रस्ताव (गुवा–सलाई पथ के कि0मी0 2.00 से 11.00 Phase-I तथा कि0मी0 11.00 से 29.00 Phase-II ) तैयार कर समर्पित करने संबंधी निदेशित Online प्राप्त हुआ है ।

उक्त के आलोक में पुनः आग्रह है कि भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय ताकि अग्रतर कार्रवाई किया जा सके ।

आपका विश्वासी,

09/06/17

मुख्य वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, चाईबासा ।

कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,सारण्डा वन प्रमण्डल,चाईबासा।

ज्ञापांक :– 1149 दिनांक :– 12.06.2017

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, मनोहरपुर को इस कार्यालय के ज्ञापांक 1002 दिनांक 25.05.2017 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। भारत सरकार,पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,क्षेत्रीय कार्यालय, राँची के पत्र संख्या – FP/JH/ROAD/23799/2017/1244 दिनांक 16.05.2017 के आलोक में विषयक दोनो प्रस्तावों को संशोजित कर एक समेकित प्रस्ताव (गुवा–सलाई पथ के फेज–। कि0मी0 2.00 से कि0मी0 11.00 के 9.969 हे0 वनभूमि तथा फेज–।। कि0मी0 11.00 से कि0मी0 29.00 के 7.67 हे0 वनभूमि)यथाशीध्र समर्पित किया जाय ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

12/6/2017

वन संरक्षक,

सारण्डा वन प्रमण्डल,चाईबासा।